>

Title: Need to construct dams over the five rivers in Etawah and Auraiya districts of Uttar Pradesh.

श्री प्रेमदास (इटावा): सम्माननीय सभापति जी, आपने मुझे बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। हमारे देश में पानी की बहुत किल्लत होती जा रही है। वर्षा का पानी बरसता है और नदियों-नालों के द्वारा सीधे समुद्र में चला जाता है। वाटर लेवल भी बहुत गहरे हो गए। पानी का दोहन बहुत जबरदस्त हो रहा है। हमारे लोकसभा क्षेत्र इटावा, जिला औरैया में 5 नदियों का मिलन होता है। 20 साल पहले पंचनदी पर एक बांध का प्रस्ताव भारत सरकार द्वारा किया गया था। आज दिन तक उस पर कोई काम शुरू नहीं हुआ। उस बांध से 4 जिले 100 किमी के क्षेत्र में किसानों को और वनों को लाभ मिलने का काम होगा। भिंड, जालौन, इटावा, औरैया- ये चार जिले बहुत अच्छे पानी से, अगर बांध बन जाएगा तो उससे लाभ मिलने का काम होगा। मेरी मांग है कि इस बांध को जल्दी-से-जल्दी बनाया जाए और जबकि भारत सरकार के पास पैसे की कोई कमी नहीं है। गांव की ओर कोई देख नहीं रहा है। आपके माध्यम से मैं कहना चाहूंगा दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता में अरबों रुपया लग रहा है। गांव और पूरा क्षेत्र पानी की वजह से परेशान है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा इस मांग को और इस बांध को जल्दी-से-जल्दी बनाने की कृपा की जाए। मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।